

**एक नजर में**

### आगामी दिनों में मौसम रहेगा साफ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आगामी 5 दिनों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क तथा आसमान साफ रहने की संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने तथा रात का न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हवा की औसत गति एक से 6 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना हैं।**

आगामी 5 दिनों के दौरान तापमान में वृद्धि तथा आसमान साफरहने की संभावना को देखते हुए, किसान भाई फसलों (विशेषकर गेंहू) तथा सब्जियों में सिंचाई का कार्य करें तथा साथ ही कीट-ब्याधियों की निगरानी का कार्य सुचारू रूप से करते रहें। गेंहू की फसल में तना बेधक इल्ली की सक्रीयता देखी जा रही है। अत किसान भाई फसल का निरीक्षण करें तथा इसके नियत्रण हेतु प्रोफेनोफॉस 40 प्रतिशत दवा की 2.0 मिली. मात्रा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। आगामी 5 दिनों के दौरान तापमान में वृद्धि रहने की संभावना को देखते हुए, सरसों, मसूर तथा अलसी की फसल में मांहू का प्रकोप बढ़ सकता है। अत: किसान भाई फसल का निरीक्षण करें तथा बचाव हेतु इमिडाक्लोप्रिड 25 ई.सी. दवा की एक मिली लीटर दवा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

# आज शिवरात्रि पर्व पर निकलेगी भगवान भोले की बारात

**शिवधाम कुंडेश्वर में होगा भगवान का विवाह कार्यक्रम**

**मंदिर प्रबंधन ने सभी तैयारियों को दिया अंतिम रूप**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। आज कुण्डेश्वर धाम में शिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोले नाथ के विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। जिसकी संपूर्ण तैयारियां मंदिर प्रबंधन द्वारा पूर्ण कराली गई हैं। शनिवार को भगवान भोलेनाथ के विवाह कार्यक्रम के तहत मंडप कार्यक्रम की रस्म अदा कराई गई।**

रविवार की सुबह से ही भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कराकर उनका विशेष श्रृंगार किया जाएगा। शिवरात्रि के पर्व को लेकर भक्तों ने खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शाम के समय भगवान भोलेनाथ की बारात शिवधाम कुण्डेश्वर नगरी के प्रमुख स्थानों से होते हुए निकाली जाएगी। बारात कुण्डेश्वर के मंदिर प्रांगण पहुंचेगी, जहां दूल्हा बने भगवान भोलेनाथ का माता पार्वती के साथ विवाह संपन्न कराया जाएगा। अगले दिन सोमवार को भगवान भोलेनाथ के मंदिर में सत्यनारायण भगवान की कथा का वाचन किया जाएगा। इसके उपरांत भंडारा संपन्न होगा। कुण्डेश्वर के अलावा स्थानीय नजरबाग के मंदिर, अम्बेडकर तिराहा स्थित रामजानकी मंदिर, महेन्द्र सागर तालाब स्थित प्रतापेश्वर मंदिर सहित नगर के अनेक शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शनिवार को कुंडेश्वरधाम सहित समस्त शिवालयों को आकर्षक लाईटों से सजाया गया है। इसके अलावा मंदिरों के मुख्य द्वारा पर बंधनबार बांधते हुए उन्हें सजाया गया है। शिवरात्रि पर्व पर भक्त उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना में लीन रहेंगे। शाम के समय मंदिरों में विवाह कार्यक्रम के चलते अनेक धार्मिक अनुष्ठान कराए जाएंगे। जिसकी संपूर्ण तैयारियां मंदिरों में पूर्ण कर ली गई हैं।

इसके साथ ही सुभाष पुरम के गौ लोक धाम, सिविल लाइन के केदारेश्वर शिवालय, जानकी बाग, प्रतापेश्वर और सिद्ध बाबा मंदिर सहित नगर के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में शिव-पार्वती विवाह महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। हर तरफ हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। इस वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकलेगी। दूल्हा बने भगवान शंकर गाजे-बाजे के साथ नंदी पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

### संगीतमय सुंदरकांड का हुआ पाठ

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में महाशिवरात्रि पर्व की धूम है। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिवधाम कुंडेश्वर और शहर के प्रमुख मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के विवाह की रस्में पारंपरिक विधि-विधान से प्रारंभ की गई हैं। शुक्रवार रात कुंडेश्वर धाम में गणेश पूजन के साथ महादेव को तेल चढ़ाने की रस्म पूरी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। शहर के नजरबाग प्रांगण में भी तीन दिवसीय उत्सव की शुरुआत हो गई है। शनिवार को नजरवाग मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ कराया गया। इसके बाद भगवान के मंडप की रस्म अदा कराई गई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

शिवधाम कुंडेश्वर ट्रस्ट के प्रधान पुजारी जमुना तिवारी महाराज ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रमों के क्रम में शनिवार को मंदिर परिसर में भव्य मंडप सजाया गया। इस दौरान भगवान शिव को हल्दी चढ़ाई गई और विशेष मंडप भोज का आयोजन हुआ। महाशिवरात्रि के मुख्य पर्व पर सुबह 4 बजे से ही भगवान का अभिषेक शुरू हो जाएगा। भीड़ को देखते हुए प्रशासन और ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की है ताकि दर्शन सुगमता से हो सकें। इस खास मौके पर संस्कृति विभाग द्वारा कुंडेश्वर धाम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय और बाहरी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## अज्ञात कारणों के चलते लगी छत पर आग



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टरेट रोड स्थित एक बिल्डिंग की छत पर शुक्रवार देर रात आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल टीम और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।**

आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास के लोगों ने अपने घरों की छतों से घटना का वीडियो बनाकर प्रशासन को सूचित किया।स्थानीय निवासी सुनील यादव ने बताया कि चकरा तिराहा के पास स्थित इस बिल्डिंग की छत पर आग लगी थी। बिल्डिंग के नीचे एक मिठाई की दुकान संचालित है, जो घटना के समय बंद थी। बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में कोई रहता नहीं है। लोगों का अनुमान है कि सड़क से निकल रही बारात में हुई आतिशबाजी की चिंगारी से यह हादसा हुआ होगा।हालांकि, आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही देर रात कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई। कलेक्टरेट रोड स्थित एक बिल्डिंग की छत पर शुक्रवार देर रात आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल टीम और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालाकि पुलिस आगजनी के मामले में जांच कर रही है।

## पुलिस ने सेन एवं वंशकार समाज में कराई सुलह



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। थाना देहात के अंतर्गत आने वाले नगर परिषद कारी में वंशकार समाज के लोगों द्वारा शिकायत की गई थी कि सेन समाज के लोगों द्वारा अपनी दुकानों पर बंशकार समाज के लोगों के बाल नहीं काटते हैं अगर कोई बाल कटाने जाता है तो सेन समाज के लोग वंशकार समाज के लोगों के बाल नहीं काटते हैं।**

जिस पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा के बुंदेली जन चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहाद्र बनाए रखने के तारतम्य में अनुभाग अधिकारी पुलिस राहुल कटरे के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात चंद्रजीत यादव द्वारा दोनों पक्षों के लोगों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सेन समाज एवं वंशकार समाज की बैठक कर दोनों का पक्ष सुना।

समाज के लोगों का पक्ष सुनने के बाद उन्हें ग्राम कारी में आपसी तालमेल एवं सामाजिक सौहाद्र बनाए रखने की समझाईस दी।

## 19 एवं 20 फरवरी को होगी चयन प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय खेल प्राधिकरण ट्रेनिंग सेंटर टीकमगढ़ केंद्र प्रभारी एवं सॉफ्टबॉल कोच देवेश चंदेल ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर अमर शहीद नारायण दास खरे साई हॉकी स्टेडियम, गंजीखाना टीकमगढ़ में सत्र 2026-27 के लिए सॉफ्टबॉल खेल की गैर आवासीय योजना के अंतर्गत चयन प्रक्रिया 19 एवं 20 फरवरी 2026 को प्रात: 8 बजे से आयोजित की जा रही है।**

इच्छुक खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से नि:शुल्क स्पोर्ट्स किट, स्पोर्ट्स उपकरण, प्रतियोगिता खर्च, खिलाड़ी बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी।

चयन हेतु जन्म प्रमाण पत्र, आधारकार्ड, विगत 2 वर्षों की सॉफ्टबॉल खेल उपलब्धियों के प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट की प्रति, 6 पासपोर्ट साइज फोटो, पिछले वर्ष की अंकसूची दस्तावेज आवश्यक हैं। अधिक जानकारी के लिये सॉफ्टबॉल कोच देवेश चंदेल से संपर्क कर सकते हैं। जिसमें दो दिना चयन प्रक्रिया का कार्य जारी रहेगा।

## गायों की मौत के मामले में जताई नाराजगी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रामनगर पंचायत में बनी गौशाला में गायों की मौत की खबर मिलने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता गोशाला पहुंचकर वहां के हालात देखे और व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई।**

बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख विकास यादव ने बताया कि सोशल मीडिया पर रामनगर की भगवंतपुरा गोशाला में 4-5 गायों के मरने की खबर पोस्ट हुई थी।जब टीम वहां पहुंची, तो हकीकत काफी खराब मिली। गायों के खाने के लिए न तो पर्याप्त भूसा था और न ही पीने के लिए साफ पानी। पानी की टंकी में कीचड़ जैसा गंदा पानी भरा हुआ था। कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही सरपंच को बुलाया और गोशाला की हालत दिखाई।

उन्होंने साफ कहा कि गायों के लिए तुरंत साफ पानी और चारे का इंतजाम किया जाए। इस दौरान प्रखंड और नगर स्तर के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।बजरंग दल ने प्रशासन को दोटूक चेतावनी दी है कि अगर एक महीने के अंदर गोशाला की व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोग उग्र आंदोलन करेंगे।

### अध्ययनरत विद्यार्थियों ने निभाई सहभागिता

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, में जेके टायर-इंडस्ट्रीज लिमिटेड श्रज्ञ द्वारा ऑनलाइन वर्चुअल माध्यम से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न शाखाओं के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 10 विद्यार्थियों का चयन जेके टायर-इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुआ, जो महाविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन तथा संस्था की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा का परिणाम है। प्रभारी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी टीपीओ दीपक कुमार खम्परिया ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है।

## मातृधाम छिपरी के कार्यक्रम में पहुंचीं प्रभारी मंत्री



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। परम पूज्य रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार के मंगल सान्निध्य में मातृधाम छिपरी में आयोजित महाशिवरात्रि उत्सव 2026 का षष्ठम दिवस आध्यात्मिक अनुशासन, सामाजिक संदेश और भक्ति की गूंज के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शनिवार को जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत शामिल हुई।**

कालीन वैदिक अनुष्ठानों के पश्चात परम पूज्य महाराज श्री ने भक्तों से आत्मीय भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा स्नेहपूर्ण संवाद किया। तत्पश्चात प्रतिदिन की भाँति महामृत्युंजय यज्ञ में श्रद्धालुओं ने सहभागी होकर शांति, संतुलन और कल्याण के संकल्प को अर्पित किया। इस अवसर पर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमति कृष्णा गौर ने भी मातृधाम छिपरी पहुंचकर दर्शन किए तथा उत्सव की गरिमा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके उपरांत श्रीमद्भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से साध्वी पीताम्बरा दीदी ने जीवन संतुलन पर गहन संदेश दिया गया। कथा में कहा गया कि धर्म केवल बाहरी आचरण या अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि घर-परिवार की जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी निहित है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन मंदिर जाता है, लेकिन अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करता है, तो वह भक्ति अधूरी रह जाती है। जो आपके लिए दिन-रात परिश्रम करता है, उसकी सेवा और सम्मान ही सच्चा धर्म है। इस प्रेरक विचार ने उपस्थित श्रद्धालुओं को यह समझाया कि सच्ची भक्ति जीवन के संतुलन, सेवा और उत्तरदायित्व में निहित है। सायंकालीन बेला में सांस्कृतिक संध्या का विशेष आकर्षण रहे विश्वविख्यात भजन सम्राट लखबीर सिंह लख्खा ने जागरण और भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जिसमे दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले लख्खा जी की ओजस्वी वाणी ने मातृधाम छिपरी को भक्ति के चरम भाव में डुबो दिया।

## वन विभाग की टीम ने रेत उत्खनन पर की कार्यवाही

**जतारा क्षेत्र के बीट कछोरा की उर नदी पर हो रहा था उत्खनन**

**जेसीबी का ऑपरेटर कार्यवाही को देख भाग निकला**



**नवभारत न्यूज, जतारा। मुख्य वन संरक्षक वन व्रत छतरपुर एवं वन मंडल अधिकारी के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वन अपराधों पर अंकुश एवं नियंत्रण स्थापित करने के लिए वन परक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को रात्रि में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की वन परिक्षेत्र जतारा की बीट कछोरा के संरक्षित पुराने कक्ष क्रमांक पी 279 एवं नया कक्ष क्रमांक पी 542 में बहने वाली उर नदी में वन माफियाओं के द्वारा एक जेसीबी एवं डंफरों के माध्यम से वन क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन का कार्य किया जा रहा है।**

जिसके पश्चात सूचना के आधार पर आधी रात्रि में दल का गठन करते हुए मौके से वन अमले को भेजा गया तो मौके से वन क्षेत्र में बहने वाली उर नदी के किनारे पास के जंगल में एक पीले रंग की जेसीबी दिखाई दी। जिसकी तरफ वन अमला जैसे ही बढ़ने लगा वैसे ही वन माफियाओं द्वारा वन अमले को देखकर तत्काल नदी में उत्खनन का काम रोकते हुए जेसीबी का ऑपरेटर जेसीबी को बंद और उसको लॉक करके मौके से भाग गया और। तब वन अमले ने वन विभाग की अभिरक्षा में पीले रंग की एक जेसीबी मशीन को वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त होने के कारण जप्त कर जतारा लाया गया। संपूर्ण कार्यवाही मौके पर करने पर उत्खनन करवाने वाले कुख्यात विभिन्न सैकड़ों अपराधिक और वन अपराध प्रकरणों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध भारतीय अधनियम 1927 की विभिन्न धराओं के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 249/14 नामजद दर्ज कर प्रकरण को अग्रिम विवेचना में लेकर जप्त वाहन के लिए राजसात की कार्यवाही के लिए प्रस्तावित किया गया। कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में की गई। जिसमें वन परिक्षेत्र जतारा का संपूर्ण वन अमला मौजूद रहा।

### 7 लोगों पर मामला दर्ज

आरोपी खड़ी उर्फ़ सरजू राजपूत , सुरेंद्र जोशी, शीपू जोशी, निप्पू राजपूत एवं भूपेंद्र राजपूत, शिवम यादव निवासी कछोरा एवं जेसीबी मालिक बबलू सेंगर निवासी पलेरा के विरुद्ध भारतीय अधनियम 1927 की विभिन्न धराओं के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है।

**घटना** ▶ **प्रारंभिक जांच में हत्या का मामला हो रहा प्रतीत**

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला 45 वर्ष के व्यक्ति का शव



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के पुरानी टेहरी मोहल्ले में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब मोहल्ले में निवासरत एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके ही घर में मिलने की खबर सामने आई । जानकारी लगने के उपरांत पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पीएम कराया पीएम उपरांत शव परिजनों के हवाले करते हुए पुलिस ने आगे की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए विवेचना शुरू की ।**

जानकारी के अनुसार पुरानी टेहरी में शनिवार को रामकिशोर रजक का शव उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने की खबर सामने आई जिसमें प्रारंभिक जांच में यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। रामकिशोर अपने घर में पत्नी सीमा और एक बेटे के साथ रहते थे। उनका दूसरा बेटा दिल्ली में रहता है। पुलिस को घटनास्थल पर मकान की दीवारों पर खून के निशान और फर्श के टूटे हुए टुकड़े मिले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतक की पत्नी सीमा और बेटे को हिरासत में लिया है। घटनास्थल को सील कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से घटनास्थल की जांच कराई जा रही है। पत्नी और बेटे से पूछताछ जारी है। शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शहर के पुरानी टेहरी मोहल्ले में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब मोहल्ले में निवासरत एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके ही घर में मिलने की खबर सामने आई । जानकारी लगने के उपरांत पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पीएम कराया पीएम उपरांत शव परिजनों के हवाले करते हुए पुलिस ने आगे की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए विवेचना शुरू की । पुरानी टेहरी में इस घटना को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे है। हालाकि पुलिस इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सजग दिखाई दे रही है। पुलिस ने लोगों के कथन दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पत्नी एवं बेटा पुलिस हिरासत में

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतक की पत्नी सीमा और बेटे को हिरासत में लिया है। घटनास्थल को सील कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से घटनास्थल की जांच कराई जा रही है। पत्नी और बेटे से पूछताछ जारी है।

### सुरक्षा गार्ड के पदों पर 9 तक होगी भर्ती

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु एवं निवाड़ी जिले में 9 फरवरी से 9 मार्च तक सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है।**

ग्राम पंचायत कार्यालय नैंगुवा में, 16 फरवरी को जनपद पंचायत पृथ्वीपुर में, 17 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय लारोन में, 18 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय बम्होरीकला में, 19 फरवरी को जनपद पंचायत पलेरा में 20 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय भेलसी में होगा।

## मातृ-पितृ छाया में लगाया गया शिविर




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि आयुष विभाग टीकमगढ़ द्वारा हॉलिस्टिक वैलनेस अवधारणा के अंतर्गत मातृ पितृ-छाया वृद्ध आश्रम मामौन एवं श्रेया मानव कल्याण एवं ग्रामीण विकास समिति कुंडेश्वर द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में शिविर का आयोजन किया गया।**

मामौन स्थित वृद्धा आश्रम में 43 वरिष्ठजनों का एवं कुंडेश्वर स्थित वृद्धा आश्रम में 34 वरिष्ठजनों का परीक्षण एवं औषधी दी गई। साथ ही योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ध्यान, प्रणायाम कराया गया। आयुष विभाग द्वारा वृद्ध आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। साथ ही सभी वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की। शिविर में डॉ वंशी अहिरवार, डॉ सीता साहू, डॉ दिव्या शुक्ला, डॉ. रामदयाल अहिरवार, डॉ. मुकेश यादव, कम्पाउण्डर कमलेश चतुर्वेदी, भागीरथ प्रजापति, प्रशिक्षक मनोज खरे ने सेवाएं दी।